
# सोने-चांदी में आया ऑल टाइम उछाल

**1.55** लाख पर पहुंचा सोना

**3.19** लाख पार पहुंची चांदी



**नई दिल्ली 23 जनवरी. सोना-चांदी के दामों ने 23 जनवरी 2026 को नए रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना 4,300 बढ़कर 1,55,428 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया. वहीं 1 किलो चांदी 19,249 उछलकर 3,18,960 हो गई.**

इस साल सिर्फ 23 दिनों में सोना 22,233 और चांदी 88,540 महंगी हो चुकी है. विशेषज्ञों का कहना है कि सोने की बढ़ती कीमतों के पीछे वैश्विक तनाव, डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होना और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी प्रमुख कारण हैं. निवेशक अब सुरक्षित निवेश यानी सोने और चांदी की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं. इंडस्ट्रियल मांग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी सेक्टर की आवश्यकता ने चांदी को ज्वेलरी से बढ़कर जरूरी कच्चा माल बना दिया है. यदि अमेरिकी टैरिफ और मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है तो सोना रुपए 1.90 लाख और चांदी 4 लाख प्रति किलो तक जा सकती हैं. साल 2025 में भी सोना 75प्रतिशत और चांदी 167प्रतिशत महंगी हुई थी. बसंत पंचमी के मौके पर इन ऐतिहासिक भावों ने निवेशकों और आम लोगों की नजरों को आकर्षित किया है.

**सोना-चांदी निवेश में कौन सा देश सबसे आगे है** - विश्व में सोने का सबसे बड़ा भंडार अमेरिका के पास है, जबकि रूस और ऑस्ट्रेलिया प्रमुख उत्पादक हैं. भारत और चीन सोने के सबसे बड़े निवेशक हैं. चांदी उत्पादन में मेक्सिको और पेरू आगे हैं, जबकि भारत और चीन इसके बड़े उपभोक्ता हैं.

### सोना-चांदी दाम बढ़ने के 4 प्रमुख कारण

1. सबसे महत्वपूर्ण कारण सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग है. जब वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते हैं, जैसे युद्ध, व्यापार युद्ध या टैरिफ, तो निवेशक अपनी पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए सोना और चांदी जैसी भौतिक संपत्तियों में लगाते हैं.
2. डॉलर की कमजोरी है. डॉलर कमजोर होने पर सोना और चांदी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में महंगा हो जाता है. भारतीय रुपये की कमजोरी के कारण आयातित सोने-चांदी की लैंडिंग कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे घरेलू बाजार में भी कीमतें ऊपर चली जाती हैं.
3. औद्योगिक मांग और आपूर्ति में कमी हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेक्टर में चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है. वहीं, उत्पादन और रीसाइक्लिंग में कमी ने सप्लाई और मांग के बीच अंतर और बढ़ा दिया है.
4. केंद्रीय बैंकों की खरीदारी और मुद्रास्फीति का डर है.

# वेतन और पेंशन संशोधनों को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली, 23 जनवरी. केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए व्यापक वेतन एवं पेंशन संशोधनों को मंजूरी प्रदान की. यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों , राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा तथा पूर्व कर्मचारियों की आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है.**

केंद्र सरकार के इस संशोधन से कुल मिलाकर लगभग 46,322 कर्मचारी; 23,570 पेंशनर; और 23,260 परिवार पेंशनर लाभान्वित होंगे. वित्त मंत्रालय की कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन एक अगस्त 2022 की पूर्ववर्ती तिथि से लागू होगा. इसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता में 14 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे कुल वेतन खर्च में 12.41 प्रतिशत वृद्धि होगी. इसके अलावा जो एक अप्रैल 2010 के बाद जुड़े कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारियों का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है. परिवार पेंशन में भी 30 प्रतिशत की एक समान वृद्धि की गई है, जो आधिकारिक गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी. इन संशोधनों से पीएसजीआईसी पर 8,170.30 करोड़ रुपये का वित्तीय असर पड़ने का अनुमान है.

पीएसजीआईसी में जो प्रमुख बीमा कंपनियां शामिल हैं उनमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं.



# भारत बनेगा 2035 तक सेमीकंडक्टर विनिर्माता देश

**दावोस (स्विट्जरलैंड)/नई दिल्ली, 23 जनवरी. इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में सेमीकंडक्टर और माइक्रो चिप विनर्माण उद्योग के विकास की दिशा में प्रगति को महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि 2025 तक भारत की गिनती सेमीकंडक्टर के क्षेत्र के प्रमुख देशों में होगी.**

विश्व आर्थिक मंच की दावोस बैठक में भाग लेने गये श्री वैष्णव ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि इस क्षेत्र में देश ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं.उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर मानव जाति के अब तक के सबसे जटिल कार्यों में से एक है. भारत में इसके लिए बहुत सूक्ष्मता और व्यवस्थित तरीके से विनिर्माण श्रृंखला और पूरे विनिर्माण तंत्र के विकास पर काम किया गया है. उन्होंने कहा देश में योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पहले 28 नैनोमीटर के चिप से काम की शुरुआत हो रही है. उसके बाद क्रमश- 7 नैनोमीटर, 3 और फिर 2 नैनोमीटर तक जाया जाएगा. उन्होंने कहा, वर्ष 2035 तक भारत दुनिया के प्रमुख सेमीकंडक्टर देशों में से एक बन जाएगा. रेलवे और सूचना प्रसारण मंत्रालय का भी दायित्व संभाल रहे श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने इस क्षेत्र में जिन 10 कारखानों को लगाने को मंजूरी दी है उनमें चार ने पिछले कुछ महीनों में परीक्षण के तौर पर विनिर्माण शुरू कर दिया है.

### वैष्णव ने दावोस में एआई क्षेत्र की हस्तियों से की मुलाकात

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्विट्जरलैंड के दावोस में गूगल डीपमाइंड के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक डेमिस हासाबिस और ओपेन एआई के वैश्विक मामलों के मुख्य अधिकारी क्रिस लेहने से अलग-अलग मुलाकात की. श्री वैष्णव लेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ रेलवे और सूचना प्रसारण मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभालते हैं. वह दावोस में गैर सरकारी संगठन विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन में भाग लेने गये हैं.

# विदेशी मुद्रा भंडार में 14.17 अरब डॉलर का बड़ा उछाल

**मुंबई, 23 जनवरी.** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में तेज वृद्धि के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 14.167 अरब डॉलर बढ़कर 17 अक्टूबर 2025 के बाद के उच्चतम स्तर 701.36 अरब डॉलर पर पहुंच गया. विदेशी मुद्रा के देश के भंडार का यह 07 मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है. आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 9.652 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और इसका स्तर 560.518 अरब डॉलर दर्ज किया. इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनका मूल्य डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर तय होता है.

# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई, 23 जनवरी. रिजर्व बैंक ने गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं. केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है. यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत अंतिम किस्त है.**



रिजर्व बैंक ने बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय पर पूरी हो रही हैं. इसमें तीन साल, पांच साल, सात साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं. इन प्रतिभूतियों पर 6.10 प्रतिशत से 7.57 प्रतिशत का ब्याज दिया गया है. सबसे अधिक 26,425 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां साल 2029 की मियाद वाली हैं जिन पर 7.10 प्रतिशत ब्याज मिलेगा.

पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गयी थीं. दूसरी किस्त के तहत 05 जनवरी को और तीसरी किस्त के तहत 12 जनवरी को खरीद की गयी थी. दिसंबर में इससे पहले भी दो समान किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी.



# अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्स. 20 कोच के साथ चलेगी ट्रेन

**अहमदाबाद, 23 जनवरी. पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 22961/22962 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से 4 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है.**

यह ट्रेन दिनांक 26 जनवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक वर्तमान 16 कोचों के स्थान पर 20 कोच (20 के साथ संचालित की जाएगी. इस वृद्धि के अंतर्गत मौजूदा सी14 कोच की क्षमता 44 सीटों से बढ़ाकर 78 सीटें की जा रही है. इसके अतिरिक्त चार नए एसी चेयर कार कोच सी 15, सी16, सी17 (प्रत्येक 78 सीटें) तथा सी18 (44 सीटें) ट्रेन संरचना में जोड़े जा रहे हैं. इस तरह इस ट्रेन में 278 यात्री अधिक यात्रा कर सकेंगे. पश्चिम रेलवे यात्रियों को अधिक सुविधा, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है.



# रुपया पहली बार 92 प्रति डॉलर तक टूटा

**मुंबई, 23 जनवरी.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को कमजोर हुआ और पहली बार एक डॉलर 92 रुपये का बोला गया. भारतीय मुद्रा गुरुवार को 91.58 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. यह सुबह 13 पैसे की मजबूती के साथ 91.45 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और 91.41 रुपये प्रति डॉलर तक चढ़ी. लेकिन इसके बाद दबाव बढ़ता गया और यह 42 पैसे की गिरावट में 92 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गयी.अंतिम आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल रुपया 30 पैसे की गिरावट में 91.88 रुपये प्रति डॉलर पर था.

# गोल्ड लोन एनबीएफसी एयूएम 4 लाख करोड़ पार

**नई दिल्ली, 23 जनवरी. क्रिसल रेटिंग्स के अनुसार सोना रख कर कर्ज देने के कारोबार पर केंद्रित गैर -बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) मार्च 2027 तक चार लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है.**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार गोल्ड लोन कारोबार में तेजी जिसका मुख्य कारण सोने की ऊंची कीमतें, सिक्योर्ड क्रेडिट की बढ़ती मांग और रेगुलेटरी सुधार हैं. क्रिसिल की गुरूवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि यह बढ़ोतरी सोने की ऊंची कीमतों, सिक्योर्ड क्रेडिट की ओर बदलाव और बेहतर रेगुलेटरी माहौल के कारण होगी. इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में सोने की कीमतें 68 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं. इससे गिरवी रखी गई चीज़ों का मूल्यांकन बढ़ा है और कर्ज बांटने में आसानी हुई है.

# गृह मंत्री अमित शाह ने किया क्रिटिकल हॉस्पिटल का लोकार्पण

**हरिद्वार। पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मैडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेगा।**



गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उक्त हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हास्पिटल का निरीक्षण भी किया और इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है। ज्ञात हो कि गृह मंत्री जी दो दिनों के पतंजलि प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद व सनातन जीवन पद्धति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठापित करके रोगमुक्त विश्व का निर्माण कैसे हो, इस पर पूज्य स्वामी जी के साथ गहन विमर्श व मंथन किया।

गृहमंत्री ने पतंजलि योगपीठ परिसर में आत्मीयतापूर्ण रात्रि विश्राम किया और चिकित्सा, शिक्षा, सनातन जीवन पद्धति, एवं ऋषियों की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में पूज्य स्वामी रामदेव जी एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज से विमर्श एवं विचार मंथन किया और पतंजलि द्वारा भविष्य में इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के बारे जानकारी ली। उनके आत्मीय आगमन से पतंजलि परिवार में गौरव, प्रेरणा और ऊर्जा का संचार हुआ.

# जियोब्लैकरॉक ने पेश किया सेक्टर रोटेशन फंड

**मुंबई, 23 जनवरी. रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशल सर्विसेज और अमेरिकी कंपनी ब्लैकरॉक की संयुक्त उद्यम वाली इकाई जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को इक्विटी में अपनी नयी निवेश पेशकश जियोब्लैकरॉक सेक्टर रोटेशन फंड की घोषणा की.**

कंपनी ने बताया कि सेक्टर रोटेशन फंड में किसी विशेष इक्विटी की बजाय सेक्टर पर फोकस किया जायेगा. उसने निफ्टी 500 से ज्यादा रिटर्न का लक्ष्य रखा है. इसमें आंकड़ों और एआई आधारित विश्लेषण के आधार पर भारतीय इक्विटी बाजार में सेक्टर विशेष का अध्ययन किया जायेगा तथा उसी के आधार पर निवेश किया जायेगा. नया फंड ऑफर (एनएफओ) 27 जनवरी से उपलब्ध होगा और 09 फरवरी को बंद होगा. जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट के मुख्य निवेश अधिकारी ऋषि कोहली ने कहा कि पिछले एक दशक में सेक्टरों की स्थिति में बदलाव आते रहे हैं. उपभोग, भू-राजनैतिक स्थिति तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लगातार बदलाव के बीच जियोब्लैकरॉक सेक्टर रोटेशन फंड निवेशकों को सेक्टर में निवेश का अनुपात बदलने की अनुमति देता है.

# 15 प्रतिशत कॉरपोरेट टैक्स रियायत बढ़े

**नई दिल्ली, 23 जनवरी.** देश में निर्यात एसोसिएशनों के महासंघ फियो ने नयी घरेलू विनिर्माण इकाइयों के लिए 15 प्रतिशत के रियायती कार्पोरेट कर की दर कम से कम पांच साल और बढ़ाये जाने की सिफारिश की है. फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने केंद्रीय बजट 2026 के लिए संगठन की ओर से प्रस्तुत सुझावों के बारे में बताते हुए कहा, ऐसे समय में जब भारत वैश्विक विनिर्माण, निवेश और आपूर्ति-श्रृंखला की कड़ियों को दूसरी जगहों से आकर्षित करने के लिए ज़ोरदार प्रतिस्पर्धा में लगा है. इस रियायती कॉरपोरेट कर व्यवस्था के खत्म होने से विनिर्माण कार्य की जगह के तौर पर देश का आकर्षण कम हो जाता है.

# कांग्रेस और लेफ्ट कैच 22 सिचुएशन में

**नईदिल्ली.** कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां चिंता में हैं. उनको तय करना है कि पश्चिम बंगाल और केरल के विधानसभा चुनाव में क्या करना है. यह कैच 22 सिचुएशन है, जिसे हिंदी में सांस छुछुंदर वाली गति कहते हैं. पिछली बार कांग्रेस और लेफ्ट ने पश्चिम बंगाल में मिलकर चुनाव लड़ा था.


**Name Change**

I KUNZANG DOMA LEPCHA w/o Ghatge Ramesh Udaysinh. R/O-P122/1, Sultania Infantry. Lines, Military Station, Bhopal, Madhya Pradesh, Pin Code 462001. Have changed my name to RIGSEL RAMESH GHATGE. Henceforth, I shall be known as RIGSEL RAMESH GHATHE for all official purpose.

**IIFL FINANCE | गोल्ड लोन**

**PUBLIC NOTICE**

The branch of IIFL Finance Ltd. located at First Floor, Civil Lines, College Road, Betul, Pin - 460001, Madhya Pradesh, will be shifting to below mentioned address with effect from 25.04.2026.

**New Address: IIFL Finance Limited, Umesh & Prakash Chand Agrawal JH Collage Road, Jawar Ward - Ganj Betul-460001 Madhya Pradesh.**

**Contact No.: 02271073139**

All existing services can be availed at the new location.

**सार्वजनिक सूचना**

फर्स्ट फ्लोर, सिविल लाइंस, कॉलेज रोड, बेतूल, पिन कोड - 460001, मध्य प्रदेश, पर स्थित आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड की शाखा 25.04.2026 से नीचे दिए गए पते पर स्थानांतरित किया जाएगा।

**नया पता: आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड, उमेश और प्रकाश चंद अग्रवाल जेएच कॉलेज रोड, जावर वार्ड - गंज बैतूल - 460001 मध्य प्रदेश।**

**संपर्क: 02271073139**

सभी मौजूदा सेवाएँ इस नई शाखा से हासिल की जा सकती हैं ।

**पश्चिम मध्य रेल**

दिनांक: 22/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:- **निविदा संख्या:** विद्युत-सा-भो-नि-01-2026 **कार्य का नामः** AC यूनिट और वाटर कूलर के लिए 36 महीने (AMC Period) का वार्षिक चालू रखरखाव अनुबंध जो SSE/M/RKMP, SSE/M/BPL, SSE/PRS/BPL, SSE/M/BINA, JE/M/BHS के अधिकार क्षेत्र में आता है। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 माह। **अनुमानित लागतः** रू. 26,56,499.83/- अग्रिम राशिः रू. 53,100/- **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 12/02/2026, 11:00 Hrs. संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तों के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।

**कृते वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) रानी कमलापति स्टेशन के समीप**

453/2025

**खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।**

**IIFL FINANCE | गोल्ड लोन**

**PUBLIC NOTICE**

The branch of IIFL Finance Ltd. located at First Floor, Meenakshi Square, Hosangabad, Madhya Pradesh-461001, will be shifting to below mentioned address with effect from 25.04.2026.

**New Address: IIFL Finance Limited, Ground Floor - Plot No. 3- 1- 2, Anand Nagar, Narmadapuram, Pin Code - 461001, Madhya Pradesh.**

**Contact No.: 02271071744**

All existing services can be availed at the new location.

**सार्वजनिक सूचना**

फर्स्ट फ्लोर, मीनाक्षी स्क्वायर, होसंगाबाद, मध्य प्रदेश-461001, पर स्थित आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड की शाखा 25.04.2026 से नीचे दिए गए पते पर स्थानांतरित किया जाएगा।

**नया पता: आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नं. 3-1-2 आनंद नगर, नर्मदापुरम, पिन कोड - 461001, मध्य प्रदेश।**

**संपर्क: 02271071744**

सभी मौजूदा सेवाएँ इस नई शाखा से हासिल की जा सकती हैं ।

**मांग नोटिस**

जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के न्यासी के रूप में कार्य करते हुए) (जिसे आगे "ARCIL" कहा गया है) के अधिकृत अधिकारी कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (जिसे आगे "SARFAESI अधिनियम" कहा गया है) के तहत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं, और जबकि नीचे उल्लिखित चार्ट के स्तंभ संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं ने मूल ऋणदाता IIFL-होम फाइनेंस लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है, और जबकि-ARCIL ने नीचे उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया है, और जबकि ARCIL, SARFAESI अधिनियम के तहत सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ, मांग नोटिस जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकानी थी, लेकिन विभिन्न कारणों से कुछ उधारकताओं को नोटिस नहीं भेजा जा सका। ट्रस्ट का नामः आर्सिल ट्रस्ट -2026 - 015

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री पंकज राठौर श्रीमती प्रिया राठौर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10282064) | 06 जनवरी 2026, रू. 874954.88/- (आठ लाख चौहत्तर हजार नौ सौ चौवन और अठासी पैसे मात्र) | संपत्ति का वह भाग जो इस प्रकार है: प्लॉट संख्या 100, महाकाल धाम, 39 ग्राम बिजोरी तहसील और जिला सीहोर, मध्य प्रदेश 466001 वर्ग फुट क्षेत्रफलः संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 720.00, 650.00 |

अतः, ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करें। यदि संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता कुल बकाया राशि और ब्याज का भुगतान करने में विफल रहता है, तो ARCIL धारा 13(4) के तहत ऊपर वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए बाध्य होगा। अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से भी सूचना तामील करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक को सार्वजनिक नीलामी या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए निजी संधि की सूचना के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय ARCIL द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और देय पूरी राशि के भुगतान पर छुड़ाया जा सकता है, जैसा कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(8) में विस्तृत है।

कृपया ध्यान दें कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आपको एतद्द्वारा बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी प्रकार से सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण और/या उनसे संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**स्थानः भोपाल दिनांकः 24-01-2026, हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)**

**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड। सीआईएन संख्या-U65999MH2002PLC134884। पंजीकृत कार्यालयः द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028।** दूरभाषः +91 2266581300। **वेबसाइटः www.arcil.co.in**

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online percentage rate tender is invited for the following work from contractor fulfilling registration Criteria:-

| S. No. | SYSTEM E-TENDER No. | NAME OF WORK | PROBABLE AMOUNT OF CONTRACT & EMD & COST OF TENDER FORM (I/C GST) & COMPLETION PERIOD | START DATE OF PURCHASE & LAST Dt. SUBMISSION OF BIDS | DATE OF OPENING OF TENDERS ENVELOP A & C |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ MPHID_ 465027_2 (2nd Call) | SUPPLYING FURNITURE/ EQUIPMENT UNDER NATIONAL AYUSH MISSION FOR NEWLY CONSTRUCTED AYUSH WING AT VARIOUS 20 No. LOCATION IN M.P. | Rs. 64,77,000 & Rs. 65,000/- & Rs. 5,900/- & 02 Month (i/c rainy season) | Dt. 24.01.2026 10:30 AM TO 02.02.2026 at 15:00 Hrs. | ENVELOP- A & C 03.02.2026 15:00 Hrs. |

**Note :** Full details of the above tenders can be seen on **www.mptenders.gov.in.** Amendments to NIT, if any shall be published on website only.

/mphidb

/mphidb

**Visit us : www.mphousing.in**

M.P. Madhyam/124142/2026

**(T.S. TIRKIY, E.E.)**
**Div.1, Bhopal (M.P.)**
**Telephone : 0755-4508541**

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**

**कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल) संभाग, इटारसी, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com**

**क्रमांक : 050/उपमहाप्रबं./सि./121-22** **इटारसी, दिनांक : 23.01.2026**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल/सिविल संभाग इटारसी के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी जोड़ कर, भावपत्र संक्षिप्त e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं:-

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमहाप्रबं./इटारसी/83/01 (ई-निविदा क्र. 2026_ MKVVC_477998_1) | संचा./संधा. वृत्त नर्मदापुरम के अंतर्गत संचा./संधा. संभाग सोहागपुर के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कामथी में नियंत्रण कक्ष निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |
| उपमहाप्रबं./इटारसी/83/02 (ई-निविदा क्र. 2026_ MKVVC_478025_1) | संचा./संधा. वृत्त नर्मदापुरम के अंतर्गत संचा./संधा. संभाग पिपरिया के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरेनाकला में नियंत्रण कक्ष निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |
| उपमहाप्रबं./इटारसी/83/03 (ई-निविदा क्र. 2026_ MKVVC_478041_1) | संचा./संधा. वृत्त नर्मदापुरम के अंतर्गत संचा./संधा. संभाग पिपरिया के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नंदना पारसवाड़ा में नियंत्रण कक्ष निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |
| उपमहाप्रबं./इटारसी/83/04 (ई-निविदा क्र. 2026_ MKVVC_478048_1) | संचा./संधा. वृत्त नर्मदापुरम के अंतर्गत संचा./संधा. संभाग पिपरिया के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र इतवारा में नियंत्रण कक्ष निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 24.01.2026 from 10:30 Hrs.

**ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 05.02.2026 up to 15:00 Hrs.

निविदा खुलने की दिनांक/समय : 06.02.2026 at 15:00 Hrs.

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** पर देखें एवं **mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124149/2026 **उप महाप्रबंधक (सिविल)**